**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 07-01-2022**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-01-07 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-01-08 | 2022-01-09 | 2022-01-10 | 2022-01-11 | 2022-01-12 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 2.0 | 15.0 | 10.0 | 8.0 | 5.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 24.0 | 21.0 | 23.0 | 23.0 | 23.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 12.0 | 11.0 | 10.0 | 8.0 | 6.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 95 | 90 | 90 | 85 | 85 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 70 | 65 | 60 | 60 | 60 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 10.0 | 10.0 | 8.0 | 6.0 | 6.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 120 | 130 | 130 | 330 | 330 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 4 | 7 | 4 | 3 | 2 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों ( 31 दिसम्बर 2021 – 6 जनवरी, 2022) में 22.2 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 17.0 से 21.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 4.9 से 12.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 88 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 42 से 74 प्रतिशत एवं हवा 1.5 से 3.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 21.0 से 24.0 व 6.0 से 12.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-10.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। 8 जनवरी को कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने व ओलावृष्टि की सम्भावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 12 से 18 जनवरी के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम तापमान सामान्य से कम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

आईएमडी द्वारा 8 जनवरी को आंधी, बिजली गिरने और ओलावृष्टि के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसलिए किसानों को अपडेट रहने की सलाह दी जाती है और यह सलाह दी जाती है कि किसान भाई- 1. सिंचाई से बचें। 2. उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग से बचें। 3. कटी हुई फसल को खुले में न रखें। 4. निचले इलाकों, नदियों और अन्य जल निकायों में जाने से बचें। 5. जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें व कमजोर ढांचों के पास न खड़े हों। 6. बारिश में वाहन सावधानी से चलाएं। 7. गरज और बिजली गिरने के दौरान पेड़ों के नीचे आश्रय लेने से बचें। 8. जलाशयों के पास न जायें। 9. गरज के साथ बिजली गिरने की सम्भावना को इस दौरान खेती के कार्यों को निलंबित करें। किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा

| |
|---|
| सकता है| सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें तथा पशुओं को गुड़ व अजवायन खिलाएं, यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है। गुड़ व अजवायन को पानी में मिलाकर न खिलायें। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी 8 जनवरी को बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा, गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने व ओलावृष्टि की चेतावनी है। सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें v पशुओं को बिना पानी मिलायें गुड़-अजवायन खिलाएं| |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गेहूँ | आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावान को देखते हुए गेहूँ की फसल में सिंचाई न करें। फसलों में वर्षा के बाद तापमान में गिरावट आने से पत्तियॉ पीली पड़ सकती है। अतः पत्तियॉ पीली पड़ने पर, इसके रोकथाम हेतु 2 प्रतिशत यूरिया व 0.5 प्रतिशत जिंक का छिड़काव करे। |
| सरसों | आने वाले दिनों में बारिश होने की संभावना है और उसके बाद तापमान में बहुत गिरावट आ सकती है व कम तापमान के कारण सरसो की पत्तिया काली पड़ सकती है| किसानों को सलाह दी जाती है कि वे कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें। सरसों में माहुँ का प्रकोप बढ़ने पर थायमेथोक्जाम 25 डब्लू जी की 50-100 ग्रा0 मात्रा का 600-700 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें। |
| लहसुन | लहसून की पत्तियाँ पीली पड़ने की स्थिति में, टेबुकोनाजोल का 1 मिली/लीटर+प्रोफेनोफोस का 1 मिली/लीटर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें। |
| रेपसीड | आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना है, अतः जिन किसान भाईयों की लाही की कटाई पूर्ण हो गई है उसको सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें। |
| चना | वर्षा के पूर्वानुमान को देखते हुए खेत में सुरक्षित जल निकासी की व्यवस्था बनाए रखें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| आलू | आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना है, तद्पश्चात तापमान में गिरावट आयेगी जिससे आलू में झुलसा रोग का प्रकोप बड़ सकता है। अतः आलू के पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु, मैनकोजेब जैसे फफूंदनाशक का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसाम साफ होने पर करें। खेत में जल निकासी की व्यवस्था बनाए रखें। |
| प्याज | ठंड के प्रभाव से प्याज की पत्तियां पीली हो सकती हैं, इसलिए इससे बचाव के लिए पौधों को प्लास्टिक की चादर से ढक सकते है तथा वर्षा के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए, खेत में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें। |
| सब्जी पीईए | आगामी 8 जनवरी को वर्षा, गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने व ओलावृष्टि की सम्भावना को देखते हुए, फसल गिर सकती है अतः तैयार फसल की कटाई कर उसे सुरक्षित स्थान पर रखे। कैराथेन का 1 मिली/लीटर पानी की दर से छिड़काव कर सकते है। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | वर्तमान और आगामी मौसम को देखते हुएए पशुओं को, विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए उचित आश्रय प्रदान करें। ओलों और बिजली गिरने की गतिविधि के दौरान जानवरों को बाहर न जाने दें। खिड़की और दरवाजे बंद करें। जानवरों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करें और उन्हें पेड़ों के नीचे न रखें। जानवरों को खुले पानी से दूर रखें। |

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
| --- | --- |
| गाय | यदि गर्भवती गायों में परजीवी घुन/जूँ या कीलनी का प्रकोप हो तो आरएक्स बोटॉक्स का 15 मिली लेकर 7 लीटर पानी मे मिलाकर सूती कपड़े से लगाए। इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए बिना पानी में मिलाए ही गुड़ के साथ अजवाइन का सेवन कराना चाहिए। यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है। वर्तमान और आगामी मौसम को देखते हुएए पशुओं को, विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए उचित आश्रय प्रदान करें। ओलों और बिजली गिरने की गतिविधि के दौरान जानवरों को बाहर न जाने दें। खिड़की और दरवाजे बंद करें। जानवरों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करें और उन्हें पेड़ों के नीचे न रखें। जानवरों को खुले पानी से दूर रखें। |

## मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

| मुर्गी पालन | मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह |
| --- | --- |
| चूज़ा | चुजे ठंड के प्रति बहुत संवेदनशील होते है तथा उन्हे उचित भोजन प्रदान करें । उनके आवास में तापमान का अनुरक्षण करते रहे तथा गर्मी का उचित स्रोत बनाए रखें। |